**स्वागत नीति क्या है?**

स्वागत नीति जिनकी आय निम्न हो ऐसे लोगों को आर्थिक सहायता देती है, जिस से वे सिटी ओफ टोरंटो के किसी भी कम्यूनिटी सेन्टर के मनोरंजन कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकें। पात्रता वाले परिवार और व्यक्ति वार्षिक राशी अपने खाते में जमा पाते हैं जिसका उपयोग वे मनोरंजन कार्यक्रमों में पंजीकृत कराने के लिए कर सकते हैं।

**स्वागत नीति के लिए जमा दी जाने वाली वार्षिक राशी कितनी होती है?**

बच्चे और युवा (0 से 24 साल की उम्र के) $494 के लिए पात्र होते हैं। बालिग (25 साल और उससे अधिक उम्र के) $230 के लिए पात्र होते हैं।

जमा राशी आप जिस दिन से अनुमोदित होते हैं उस तारीख से 12 माह तक वैध होती है और उसका उपयोग किसी भी मनोरंजन कार्यक्रम के लिए हो सकता है। सभी ऋतुओं में आयोजन करना याद रखें: पतझड, सर्दी, बसंत और गर्मियों के कार्यक्रम।

**स्वागत नीति के लिए मैं कैसे आवेदन करुं?**

अगर आप सामाजिक सहायता सोशल एसिस्टन्स प्राप्त करते हैं और टोरंटो में रहते हैं पहले से अनुमोदित हुए हैं और आपके खाते में जमा रकम हर वर्ष ताजा होती है। तो आपको आवेदन प्रपत्र भरने की **आवश्यकता नहीं है**। अपने केस वर्कर से बात करें।

अगर आप सामाजिक सहायता प्राप्त न करते हों तो आपको हर साल आवेदन प्रपत्र **अवश्य भरना ही चाहिए।** आवेदन करने योग्य होने के लिए, आप अवश्य ही होने चाहिए:

- 18 साल या उस से अधिक उम्र के
- टोरंटो में रहते
- परिवार की टैक्स के पहले की आय 'स्टटिस्टिक्स केनेडा लो इन्कम कट ओफ्फ', जो toronto.ca/wp पर से जानी जा सकती है, से कम हों

आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने के तीन रास्ते हैं:

- आवेदन आपको डाक से भेजने के लिए स्वागत नीति आवेदन लाइन को 416-338-2000 (टीटीव्हाय 416-338-3195) पर फोन करें
- किसी भी कम्यूनिटी सेन्टर से आवेदन प्रपत्र प्राप्त करें
- आवेदन प्रपत्र toronto.ca/wp पर से डाउनलोड करें।

**मेरा आवेदन प्रपत्र मैं कैसे प्रस्तुत करुं?**

यह सुनिश्चित करें कि आवेदन के सभी अनुभाग पूर्ण किये हों और पुष्टि करने वाले दस्तावेजों की केवल फोटो कापी ही भेजें (मूल प्रति न भेजें) पुष्टि करने वाले स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची के लिए, कृपया toronto.ca/wp पर जाएं या 416-338-2000 (टीटीव्हाय 416-338-3195) को फोन करें।

आवेदन प्रपत्र में हस्ताक्षर करें, पुष्टि करने वाले दस्तावेजों की कापियां शामिल करें और भेजने का कोई एक रास्ता चुनें:

- डाक से यहां भेजें
  City of Toronto, Welcome Policy Application, 55 John St. – Mailroom, Toronto, Ontario M5V 3C6.
- अपने संपूर्ण भरे आवेदन को टोरंटो एम्प्लोयमेन्ट एन्ड सोशल सर्वेसेज के किसी भी कार्यालय में या सिविक सेन्टर पर दें।
- 416-338-5046 पर फेक्स करें (कृपया नोट करें कि फेक्स करना सूचना को भेजने की सुरक्षित पद्धति नहीं है)

**मैं अनुमोदित हुआ/हुई हुं, मुझे कैसे पता चलेगा?**

एक बार आपके संपूर्ण भरे आवेदन प्रपत्र और पुष्टि करते दस्तावेजों की समीक्षा हो जाएगी, आपको यह बताता पत्र मिलेगा कि आप:

- अनुमोदित हुए हो या
- अधिक सूचना देने की आवश्यकता है या
- अनुमोदित नहीं हुए हो और क्यों उसके कारण

- जिस दिन आपका आवेदन पत्र अनुमोदित हो जाएगा उसी दिन आपकी वार्षिक जमा राशी आपके खाते में जोड़ दी जाती है।

**कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण करना**

मनोरंजन कार्यक्रमों के पंजीकरण के लिए तारीखें सितंबर, दिसंबर, मार्च और जून में होती हैं। अपने डिस्ट्रिक्ट में पंजीकरण किस तारीख को खुलना निर्धारित है यह जानने के लिए toronto.ca/torontofun पर जाएं या 311 पर फोन लगाएं।

**पंजीकरण करवाना 1, 2, 3 जैसा आसान है!**

**कदम 1: परिवार और ग्राहक क्रमांक प्राप्त करें**

मनोरंजन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने, आपको एक परिवार क्रमांक और परिवार के प्रत्येक सदस्य के ग्राहक क्रमांक की आवश्यकता रहेगी। आप स्वागत नीति के लिए अनुमोदित हुए हैं उसे बहाल करता जो पत्र आप प्राप्त करेंगे उसमें यह सूचना शामिल होगी।

**कदम 2: कार्यक्रम चुनें**

आप पंजीकरण के लिए कौन से कार्यक्रम पसंद करते हैं वह और उनके बारे में जानने के लिए तथा आपके डिस्ट्रिक्ट में पंजीकरण कब खुलता है वह जानने के लिए ओनलाइन जांचें toronto.ca/torontofun या सिटी हाल, सिविक सेंटर्स और पुस्तकालय पर मिलने वाली फन गाइड सूचियों में से खोजा जा सकता है

**कदम 3: समय पर पंजीकरण करवाएं**

अधिकतर कार्यक्रम शीघ्र भर जाते हैं।
यह सुनिश्चित करें कि आपका परिवार क्रमांक तथा ग्राहक क्रमांक और कार्यक्रमों का चुनाव तैयार हों।

पंजीकरण करवाने के चार रास्ते हैं:

- ओनलाइन (इंटरनेट): toronto.ca/torontofun पर जाएं। कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए ओनलाइन पंजीकरण कराना सबसे शीघ्र और सबसे आसान मार्ग है।
- फोन द्वारा: टच टोन रजिस्ट्रेशन (टीटीआर) 416-338-0000 पर
- ओपरेटर की सहायता के साथ: ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के द्वारा पंजीकरण करवाने के लिए 416-338-4386 पर फोन करें
- स्वयं: चुने हुए स्थानों पर आप वैयक्तिक रूप से पंजीकरण करवा सकते हैं। इन स्थानों की सूची के लिए toronto.ca/parks/registration पर जाएं या 311 को फोन लगाएं या अपने स्थानिक कम्यूनिटी सेंटर के कर्मचारीयों से बात करें।

**स्वागत नीति का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सुझाव**

- परिवारों के पास मनोरंजन कार्यक्रमों की अपनी आवश्यकताओं को निर्धारित करने का और दी गई सहायता का उचित इस्तेमाल कैसे करना इस का लचिलापन होता है। स्मरण रखने की महत्वपूरण बात यह है कि **वार्षिक सहायता की राशी पूरे 12 महिने अवश्य चलनी ही चाहिए।**
- कार्यक्रमों के मजे लें और आनंद प्राप्त करें, लेकिन जिनमें पंजीकरण करवाया हो ऐसे किसी कार्यक्रम में आप उपस्थित न रह सकते हों तो शीघ्रातिशीघ्र सिटी ओफ टोरंटो को सूचना दें। कार्यक्रम लोकप्रिय होते हैं और कई प्रतीक्षा सूचियां होती हैं। अगर किसी कार्यक्रम में आप उपस्थित न रह सकते हों, तो कृपया अपने कम्यूनिटी सेंटर को या 416-338-4386 को फोन करें जिस से उस स्थान की पेशकश अन्य किसी को हो सके। जो राशी होगी वह आपके स्वागत नीति खाते में वापिस जमा करा दी जाएगी।

**अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने स्थानिक कम्यूनिटी सेंटर के कर्मचारियों से बात करें।**